दिनांक 30.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में निर्माणाधीन **Detail Design & Installation of Exhibit in Old and Newly Constructed Museum Under Upgradation and Extension of Patna Museum, Patna** निर्माण कार्य के समयवृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

उपस्थितिः-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

1.	योजना का नाम एवं प्रस्ताव	- **Detail Design & Installation of Exhibit in Old and Newly Constructed Museum Under Upgradation and Extension of Patna Museum, Patna** निर्माण कार्य के **समयवृद्धि** के संबंध में।
2.	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹158.00 करोड़ (कला संस्कृति एवं युवा विभाग का ज्ञापांक 566 दिनांक 23.01.2020)
3.	योजना की समेकित तकनीकी स्वीकृति की राशि	- ₹124,91,83,028.00 (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 181(नि0)अनु0 दिनांक 11.05.2020 द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के क्रम में मुख्य अभियंता (नि0) के पत्रांक 583 नि0 अनु0 दिनांक 22.10.2020 द्वारा पुनः प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति
4.	योजना का परिमाण विपत्र की राशि	(i) असैनिक कार्य- ₹26,94,15,283.00 (मुख्य अभियंता(प0) का पत्रांक 944(प0)अनु0 दिनांक 22.10.2020) (ii) विद्युत कार्य- ₹26,67,42,594.00 (मुख्य विद्युत अभियंता का पत्र ज्ञापांक 907(वि0) दिनांक 22.10.2020) कुल राशि- ₹53,61,57,877.00
5.	विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा की राशि एवं संख्या	- ₹46,07,20,464.00 SBD-07/2021-22
6.	संवेदक का नाम	- Godrej and Boyce Manufacturing Co, LTD, 6th Floor, Grand Plaza, Frazer Road, Near Dak Banglow Chowk, Patna-800001
7.	एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि	- 28.07.2021
8.	एकरारनामा के अनुसार पूर्ण करने की तिथि	- 27.07.2022 (12 माह)

9. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:-</u>

निर्माणाधीन Detail Design & Installation of Exhibit in Old and Newly Constructed Museum Under Ugradation and Extension of Patna Museum, Patna के निर्माण कार्य का एकरारनामा संवेदक Godrej and Boyce Manufacturing Co, LTD, 6th Floor, Grand Plaza, Frazer Road, Near Dak Banglow Chowk, Patna-800001 से किया गया जिसका एकरारनामा संख्या-SBD-07/2021-22 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 28.07.2021 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 27.07.2022 (12 माह) निर्धारित है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 596 अनु0 दिनांक 13.10.2026 के द्वारा दिनांक **31.07.2027 तक** के लिए समयवृद्धि के प्रस्ताव का अनुशंसा का आधार निम्नवत् है:-

- कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना के पत्रांक 1640 अनु0 दिनांक 25.09.2026 के अनुसार जून 2023 में पटना संग्रहालय को आम दर्शकों के लिए बंद किया जा सका।
- दिनांक 02.06.2026 को महानिदेशक, बिहार संग्रहालय की अध्यक्षता में आहूत समीक्षात्मक बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में पुराने भवन के भूतल पर स्थित Kashi Prashad Jaiswal Research Institutate (KPJRI) के कार्यालय, पुस्तकालय एवं संग्रह कक्षों आदि को जून 2026 में Conservation कार्य हेतु Handover किया गया। वर्त्तमान में भी पुराने भवन के सभी हिस्से Conservation कार्य करने हेतु हस्तगत नहीं कराये गये है। पुराने भवन के भूतल पर अवस्थित बिहार रिसर्च सोसाईटी के पुराने फर्नीचर को हटाने तथा इसे हस्तगत नहीं किये जाने के कारण उक्त स्थल पर भी Conservation कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।
- महानिदेशक, बिहार संग्रहालय की अध्यक्षता में दिनांक-14.04.2023, दिनांक-12.09.2023 एवं दिनांक 23.03.2024 को आहूत समीक्षात्मक बैठक में गंगा-सह-पाटली दीर्घा के आधे भाग में गंगा दीर्घा तथा आधे भाग में पाटली दीर्घा बनाने, पाटली दीर्घा में चिरॉंद, कुम्हरार, राजगीर, नालन्दा से प्राप्त वास्तविक पुरावशेषों को प्रदर्शित करने, फर्निचर की आपूर्त्ति बिहार संग्रहालय के फर्निचरों के अनुरूप ही किये जाने, पाटली दीर्घा में विभिन्न कालखण्डों में मगध साम्राज्य का विस्तार, वैभव एवं पाटलिपुत्र (वर्त्तमान में पटना) को प्रदर्शित करने हेतु विशाल नक्शें का प्रयोग करने, पाटलिपुत्रा दीर्घा में चाणक्य होलोग्राम तैयार करने जिसमें दर्शक द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर चाणक्य द्वारा दिया जा सके, पाटलिपुत्र दीर्घा में आकाश बिहार संग्रहालय की दीर्घा-A को प्रदर्शित करने हेतु रंग का संयोजन का अवलोकन करने एवं उसके समरूप बनाने, संग्रहालय एवं दर्शकों की सुरक्षा हेतु Metal Detector, CCTV (आंतरिक एवं वाह्य) प्रभावी Circulation Plan आदि का प्रावधान किये जाने का निदेश दिया गया, जिस कारण असैनिक कार्य में अतिरिक्त समय लगा तथा प्रदर्श अधिष्ठापन कार्य भी प्रभावित हुआ।
- उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि योजना के असैनिक एवं Conservation कार्य में अत्यधिक विलंब के कारण प्रदर्श अधिष्ठापन कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है। असैनिक कार्य के संवेदक द्वारा मार्च 2027 तक कार्य पूर्ण करने की संभावना है।
- संवेदक द्वारा अपने पत्रांक-GOD/BKB/PM/191 दिनांक-02.08.2024, पत्रांक-GOD/BKB/PM/198 दिनांक-11.12.2024, पत्रांक-GOD/BKB/PM/215

दिनांक-02.09.2025, पत्रांक- GOD/BKB/PM/222 दिनांक-15.02.2026 एवं पत्रांक-GOD/BKB/PM/225 दिनांक-16.06.2026 के द्वारा विभिन्न कारणों को अंकित करते हुए समयवृद्धि की मांग की गई है।

अतः उक्त कारणों से प्रदर्श कार्य पूर्ण करने हेतु जुलाई 2027 (अर्थात असैनिक कार्य पूर्ण होने के 04 माह उपरांत) तक समय लगना अपेक्षित है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा विलम्ब के उपर्युक्त कारणों को उचित मानते हुए दिनांक **31.07.2027** तक समयवृद्धि प्रदान करने की अनुशंसा की गयी है।

10. <u>दिनांक 14.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरांत सर्वसम्मति से पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक **31.07.2027** तक स्वीकृत करने की अनुशंसा तथा सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया जाता है कि दिनांक **31.07.2027** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा। इस संदर्भ में कार्यकारी एजेंसी द्वारा समयवृद्धि के अवधि में मूल्य-वृद्धि का दावा नहीं करने हेतु शपथ-पत्र प्राप्त कर ली गयी है।

11. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय निविदा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरात सर्वसम्मति से दिनांक 14.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया तथा समयवृद्धि दिये जाने हेतु मुख्य अभियंता(संरचना) को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

31/10/26

(विकास कुमार पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भ0नि0वि0, बिहार, पटना

30/10/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना)
भ0नि0वि0, बिहार, पटना

30.10.26

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर
आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
भ0नि0वि0, पटना

30/10/26

(प्रत्यय कुमार)
सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0परि0वि0-2-06/2020 183 पटना, दिनांक- 2/11/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

2/11/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना